SUMITOMO
ELECTRIC
GROUP

2021.06(जून २०२१)

# सुमितोमो इलेक्ट्रिक ग्रुप

# आपूर्तिकर्ता

# आचार संहिता

# विषयसूची



| | |
|---|---|
| **कानून के अनुपालन की प्रतिबद्धता** | - हम भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं<br>- हम प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं<br>- हम सुमितोमो इलेक्ट्रिक ग्रुप की बौद्धिक संपदा के संरक्षण की अपेक्षा करते हैं<br>- हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं |
| **ज़िम्मेदार आपूर्ति (सोर्सिंग) की प्रतिबद्धता** | - आपूर्ति श्रृंखला के साथ जुड़ाव<br>- विवादग्रस्त धातु / खनिज<br>- जिम्मेदार और सतत आपूर्ति (सोर्सिंग) अभ्यास |
| **लोगों के प्रति प्रतिबद्धता** | - हम श्रम एवं रोजगार कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं<br>- हम जबरन श्रम के प्रयोग का विरोध करते हैं<br>- हम बाल श्रम के उपयोग का विरोध करते हैं<br>- हम किसी भी रूप के मानव तस्करी का विरोध करते हैं<br>- हम उत्पीड़न का विरोध करते हैं<br>- हम भेदभाव का विरोध करते हैं और विविधता को प्रोत्साहित करते हैं<br>- हम श्रमिकों के संघ के अधिकारों का सम्मान करते हैं<br>- हम सुरक्षित कार्य वातावरण के लिए प्रतिबद्ध हैं<br>- हम उम्मीद करते हैं कि व्यक्तिगत सूचना (डेटा) सुरक्षित रहे |
| **समाज के प्रति प्रतिबद्धता** | - हम पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं<br>- हम उन समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां हम काम करते हैं |
| **अनुपालन और व्यावसायिक नैतिकता के प्रति प्रतिबद्धता** | - हम आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे कर्मचारियों को उनके चिंताओं को रिपोर्ट करने के लिए साधन प्रदान करें<br>- हम आपूर्तिकर्ताओं से सटीक व्यावसायिक जानकारी बनाए रखने की अपेक्षा करते हैं<br>- हम आपूर्तिकर्ताओं से उचित अनुपालन एवं नैतिक पहलों को अपनाएंगे की अपेक्षा करते हैं |
| **इस संहिता से संबंधित मुद्दे** | ( सुमितोमो इलेक्ट्रिक ग्रुप हॉटलाइन )<br>( ऑडिट सूचना का/समीक्षा/निवेदन )<br>( संपर्क ) |

**द सुमितोमो स्पिरिट (सुमितोमो की भावना )**

**बंजी-निस्सेई** - अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, न केवल व्यापार में बल्कि अपने जीवन के हर पहलू में।

**शिंयो- काकुजित्सु** - सत्यनिष्ठा और अच्छे प्रबंधन को महत्व दें।

**फुसू-फूरी** - आसान मुनाफे के लिए कभी भी ईमानदारी का त्याग न करें।

## सुमितोमो इलेक्ट्रिक ग्रुप

## आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

१२० वर्षों से अधिक समय से सुमितोमो इलेक्ट्रिक ग्रुप ("**एस-ई-जी**") सुमितोमो की भावना ( स्पिरिट ) द्वारा निर्देशित हो रहा है, जिसमें ईमानदारी और व्यावसायिक नैतिकता पर जोर दिया गया है। एस-ई-जी निष्पक्ष और स्थायी व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में योगदान करना चाहता है और उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यापार करना चाहता है जो ईमानदारी और व्यावसायिक नैतिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

यह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता ("**कोड**") एस-ई-जी की अपनी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षाओं को निर्धारित करती है, जिसमें आपूर्तिकर्ता, उप-ठेकेदार, एजेंट, सलाहकार, वितरक या कोई अन्य पक्ष शामिल है जो एस-ई-जी से अपने उत्पादों या सेवाओं के लिए भुगतान प्राप्त करता है।

एस-ई-जी में, हम मानते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता हमारी समग्र सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम उन योगदानों की सराहना करते हैं जो हमारे आपूर्तिकर्ता हमारे व्यवसाय में करते हैं। हम उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यापार करना चुनते हैं जो ईमानदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को साझा करते हैं, और कानून के अनुपालन करते हुए व्यापार करते हैं। एस-ई-जी चाहता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता नीचे निर्धारित सिद्धांतों के अनुरूप व्यवसाय करे और वे अपनी आपूर्ति श्रृंखला में समान अपेक्षाओं को पूरा करें।

### कानून के अनुपालन की प्रतिबद्धता

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन करते हुए अपनी व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन करें।

### हम भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं

रिश्वतखोरी समुदायों को भारी नुकसान पहुँचाती है, और यह एस-ई-जी को महत्वपूर्ण नुकसान पहुँचा सकती है। एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता सभी लागू भ्रष्टाचार-निरोधक कानूनों का पालन करें। इसके अलावा, जब कोई आपूर्तिकर्ता एस-ई-जी की ओर से किसी सरकारी अधिकारी के साथ बातचीत करता है, तो आपूर्तिकर्ता अनुचित व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई भी मूल्यवान वस्तु का प्रस्ताव रखने, देने या प्राप्त करने से पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### हम प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं

एस-ई-जी प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है, और हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से समान स्तर की प्रतिबद्धता की अपेक्षा करते हैं।

### हम एस-ई-जी की बौद्धिक संपदा के संरक्षण की अपेक्षा करते हैं

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता हमारे व्यावसायिक संबंध के दौरान प्राप्त होने वाली किसी भी एस-ई-जी की बौद्धिक संपदा की रक्षा करें।

### हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं

एस-ई-जी को एक वैश्विक कंपनी होने और दुनिया भर में स्थित आपूर्तिकर्ता के होने पर गर्व है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता लागू आयात और निर्यात कानूनों और विनियमों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आवश्यकताओं का सम्मान करेंगे।

## जिम्मेदार आपूर्ति (सोर्सिंग) की प्रतिबद्धता

### आपूर्ति श्रृंखला के साथ जुड़ाव

ग्राहकों और निवेशकों सहित हमारे हितधारकों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के सतत प्रबंधन का महत्व बढ़ रहा है। हमने कई वर्षों से अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय आवश्यकताएं निर्धारित की हैं। आपूर्ति श्रृंखला में स्थायी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए हम आपूर्तिकर्ताओं के साथ अपना सहयोग जारी रखेंगे, और हम रणनीतिक क्षेत्रों में अपनी भागीदारी बढ़ाएंगे।

### विवादग्रस्त धातु / खनिज

विशेष रूप से, एस-ई-जी आवश्यक करता है की हमारे आपूर्तिकर्ता यह निर्धारित करने के लिए उचित कदम उठायें कि क्या उनके उत्पादों में विवादग्रस्त धातु (टिन, टैंटलम, टंगस्टन और सोना) हैं और, यदि ऐसा है, तो इन धातुओं के स्रोतों की पहचान करने के लिए प्रक्रियाओं को लागू करें, अन्यथा विवादग्रस्त धातु के स्रोत और उपयोग को नियंत्रित

करने वाले सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करें। हम उम्मीद करते हैं कि आपूर्तिकर्ता - प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से- कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य ("डी-आर-सी") और आस-पास के देशों में सशस्त्र समूहों को वित्त या लाभ पहुंचाने वाले विवादग्रस्त धातुओं के उपयोग को समाप्त कर दें।

**जिम्मेदार और सतत आपूर्ति (सोर्सिंग) अभ्यास**

डी-आर-सी कोबाल्ट का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक भी है। कोबाल्ट निष्कर्षण विवादग्रस्त धातु के लिए समान चिंताओं को उठाता है, और एक चिंता का विषय भी बन गया है।

हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को कोबाल्ट एवं अन्य धातुओं समेत सभी कच्चे मालों के स्रोत के लिए जिम्मेदार और टिकाऊ प्रथाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम सभी आपूर्तिकर्ताओं को विकसित अंतरराष्ट्रीय मानकों और पर्यावरणीय मुद्दों, मानवाधिकारों और अन्य सामाजिक समस्याओं, विशेष रूप से संघर्ष-प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के संबंध में विकास, को ध्यान में रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## लोगों के प्रति प्रतिबद्धता

एस-ई-जी मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्रतिबद्धता में हमारी गतिविधियों के प्रतिकूल मानवाधिकार प्रभावों की पहचान करना, उन्हें रोकना और कम करना शामिल है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता मानवाधिकारों के लिए समान सम्मान साझा करेंगे, जिसमें आम तौर पर मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के प्रति प्रतिबद्धता भी शामिल है।

**हम श्रम एवं रोजगार कानूनों के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं**

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता काम के घंटे, मजदूरी, लाभ और रोजगार के अन्य नियमों और शर्तों को विनियमित करने वाले सभी लागू कानूनों का पालन करें, जिसमें रोजगार अनुबंध शामिल हैं, यदि लागू हो।

**हम जबरन श्रम के प्रयोग का विरोध करते हैं**

एस-ई-जी उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम नहीं करेगा जो - प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से - अपने कार्यबल में दास मजदूर या किसी अन्य प्रकार के जबरन, ज़बरदस्ती या अनैच्छिक श्रम का उपयोग करते हैं। आपूर्तिकर्ताओं को कभी भी कर्मचारियों या उनके कार्यबल के किसी सदस्य को रोजगार की शर्त के रूप में अपने पासपोर्ट, सरकार द्वारा जारी पहचान, या वर्क परमिट को सरेंडर करने के लिए नहीं कहना चाहिए।

**हम बाल श्रम के उपयोग का विरोध करते हैं**

एस-ई-जी उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम नहीं करेगा जो - प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से – अपने व्यवसाय करने में अवैध बाल श्रम का उपयोग करते हैं। इस संदर्भ मे "**बाल**" का मतलब ऐसे व्यक्ति से है जिसकीआयु कार्य स्थल पर

लागू न्यूनतम कानूनी रोजगार की आयु से कम है। लेकिन किसी भी स्थिति में एस-ई-जी उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम नहीं करेगा जिनके प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कार्यबल में १५ वर्ष से कम आयु के बच्चे शामिल हैं।

**हम किसी भी रूप के मानव तस्करी का विरोध करते हैं**

एस-ई-जी उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम नहीं करेगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोगों की तस्करी में लिप्त हैं।

**हम उत्पीड़न का विरोध करते हैं**

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता अपने कार्यबल से ऐसे गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करें जिसके लिए सभी मनुष्य हकदार हैं। आपूर्तिकर्ताओं को ऐसा कार्य वातावरण बनाना चाहिए जो कर्मचारियों के प्रति उत्पीड़न या अन्य अपमानजनक आचरण को बर्दाश्त न करे।

**हम भेदभाव का विरोध करते हैं और विविधता को प्रोत्साहित करते हैं**

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता नस्ल, जातीयता, राष्ट्रीय मूल, धर्म, आयु, लिंग, लिंग पहचान, यौन अभिविन्यास, विकलांगता, या लागू कानूनों द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता के आधार पर गैरकानूनी भेदभाव के बिना कर्मचारियों और आवेदकों को रोजगार के समान अवसर प्रदान करें।

एस-ई-जी अपने आपूर्तिकर्ताओं को विविधता को बढ़ावा देने और अपने कार्यस्थल के भीतर एक समावेशी और नैतिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**हम श्रमिकों के संघ के अधिकारों का सम्मान करते हैं**

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों के लिए लागू कानून के अनुसार जुड़ने या न जुड़ने के अधिकारों का सम्मान करें।

**हम सुरक्षित कार्य वातावरण के लिए प्रतिबद्ध हैं**

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता अपने लोगों, आगंतुकों और उनकी गतिविधियों से प्रभावित होने वाले अन्य लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण की रक्षा करें। आपूर्तिकर्ताओं को सभी लागू कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों का  जरूर पालन करना चाहिए।

**हम उम्मीद करते हैं कि व्यक्तिगत सूचना (डेटा) सुरक्षित रहे**

एस-ई-जी अपेक्षा करता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता उन सभी लागू कानूनों का पालन करें जो कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य पक्षों के व्यक्तिगत सूचना (डेटा) की सुरक्षा को आवश्यक करता है। इसके अलावा,आपूर्तिकर्ताओं को किसी

आपूर्तिकर्ता द्वारा या किसी पक्ष, जो आपूर्तिकर्ता के साथ व्यावसाय करता है तथा जो एस-ई-जी को प्रभावित करता है, के द्वारा हुई सूचना (डेटा) गोपनीयता कानून के किसी भी उल्लंघन के बारे में एस-ई-जी को जरूर ही तुरंत सूचित करना चाहिए।

## समाज के प्रति प्रतिबद्धता

### हम पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं

एस-ई-जी पर्यावरणीय प्रबंधन और हमारी गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी तरह, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे अपने व्यावसायिक कार्यों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करें, पर्यावरणीय नुकसान के जोखिमों का प्रबंधन करें, और सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों का पालन करें। एस-ई-जी अपने आपूर्तिकर्ताओं को विशेष रूप से इन बिन्दुओ पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करता है: ग्रीनहाउस गैसों में कमी, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, ऊर्जा, पानी और कच्चे माल का कुशल उपयोग, और स्थायी संसाधन प्रबंधन और अपशिष्ट में कमी प्रक्रियाओं को अपनाना।

### हम उन समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां हम काम करते हैं

एस-ई-जी के कॉर्पोरेट सिद्धांतों में से एक यह है कि हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति दृढ़ जागरूकता के साथ एक बेहतर समाज और वातावरण बनाने में योगदान करें। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से इसी तरह की प्रतिबद्धता की उम्मीद करते हैं।

## अनुपालन और व्यावसायिक नैतिकता के प्रति प्रतिबद्धता

### हम आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे कर्मचारियों को उनके चिंताओं को रिपोर्ट करने के लिए साधन प्रदान करें

एस-ई-जी अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे कर्मचारियों को प्रतिशोध के डर के बिना कानून के संदिग्ध उल्लंघनों या अन्य चिंताओं पर चर्चा करने के लिए अवसर प्रदान करें। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि आपूर्तिकर्ता उन चिंताओं का उचित रूप से जवाब देंगे।

### हम आपूर्तिकर्ताओं से सटीक व्यावसायिक जानकारी बनाए रखने की अपेक्षा करते हैं

हम आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे सभी व्यावसायिक दस्तावेज़ों (गुणवत्ता वाले दस्तावेज़ों सहित) को सही, सच्चाई और समयबद्ध तरीके से पूरा करें। हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता किसी भी आवधिक

वित्तीय रिपोर्ट सहित सरकारी नियामकों के पास दायर रिपोर्ट और दस्तावेजों में पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक और समय पर प्रकटीकरण करें। हम उम्मीद करते हैं कि, जब लागू हो, आपूर्तिकर्ताओं के दस्तावेज़ उचित रूप से अधिकृत होने चाहिए। इसके अलावा, हम उम्मीद करते हैं कि आपूर्तिकर्ताओं की वित्तीय गतिविधियों की कोई भी रिकॉर्डिंग लागू कानूनों और लेखांकन प्रथाओं के अनुपालन में हो । आपूर्तिकर्ताओं को अपने दस्तावेज़ों और अभिलेखों में झूठी या भ्रामक प्रविष्टियां नहीं करनी चाहिए, और कभी भी अपने रिकॉर्ड से ऐसी जानकारी को नहीं छोड़ना चाहिए जिसे रिकॉर्ड करना उनके लिए आवश्यक है।

**हम आपूर्तिकर्ताओं से उचित अनुपालन एवं नैतिक पहलों को अपनाएंगे की अपेक्षा करते हैं**

जहाँ तक संभव हो और इस तरीके से जो उनके व्यवसायों के आकार और प्रकृति के अनुरूप हो, एस-ई-जी आपूर्तिकर्ताओं से अपने स्वयं के प्रभावी अनुपालन और नैतिकता कार्यक्रमों को अपनाने की अपेक्षा करता है। एस-ई-जी अपने आपूर्तिकर्ताओं को अपनी आचार संहिता लागू करने, और हितों के टकराव से बचने सहित, अपने संगठनों में अनुपालन और व्यावसायिक नैतिकता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## इस संहिता से संबंधित मुद्दे

आपूर्तिकर्ता (या उनके कर्मचारी) इस संहिता द्वारा नियंत्रित मुद्दों से संबंधित चिंताओं के बारे में एस-ई-जी को सूचित कर सकते हैं। यदि इस संहिता के तहत कोई चिंता है, तो हम आपको अपने प्राथमिक व्यावसायिक संपर्क से बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि यह उचित नहीं है, तो कृपया हॉटलाइन https://sumitomoelectric.com/compliance-hotlines से संपर्क करें।

इस आचार संहिता के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एस-ई-जी किसी भी आपूर्तिकर्ता की ऑडिट/समीक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। क्योंकि एस-ई-जी उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यापार करना चाहता है जो कानून और नैतिक तथा जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के अनुपालन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को साझा करते हैं। हम अपने व्यावसायिक संबंधों की शर्तों की समीक्षा करेंगे यदि हमें पता चलता है कि आपूर्तिकर्ता ने कानून का उल्लंघन किया है या इस संहिता का पालन करने में विफल रहा है। इसके लिए, एस-ई-जी हमारे आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इस संहिता के अनुपालन से संबंधित जानकारी का अनुरोध कर सकता है।

यदि इस संहिता के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया बेझिझक scoc-queries@info.sei.co.jp से संपर्क करें।